# Prospectus for Admissions for 2021 released at ICFAI University – March 12, 2021

सन्मार्ग | रांची, रविवार, 14 मार्च 2021 | www.live7tv.com | 02

## इक्फाई विवि में प्रवेश के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी

संवाददाता



**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की ओर से प्रोस्पेक्टस जारी किया गया। विवि में आयोजित कार्यक्रम में प्रोस्पेक्टस जारी किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में रांची विवि के पूर्व वीसी डा केके नाग, डा तनवीर अहमद, प्राचार्य, एमएमके हाई स्कूल, बरियातु, मोनिका श्रीवास्तव, प्राचार्य, सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल, डोरंडा और विपुल सिंह, प्रिंसिपल रेनबो पब्लिक स्कूल, चास, बोकारो उपस्थित हुये। कार्यक्रम में इक्फाई विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि इक्फाई विवि एनईपी-2020 की सिफारिश के अनुरूप, लिबरल आर्ट्स, बीए (ऑनर्स-इंग्लिश) में एक नया कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बहुत रोजगार के अवसर है। विवि वर्ष 2021 से डेटा साइंस और एआई में बीटेक की कार्यक्रम को चालू करेगा। प्रो राव ने कहा कि सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम संरचनाओं और पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई और हमारे छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए संबंधित कार्यक्रमों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ बिजनेस, डिजिटल स्किल्स, इलेक्ट्रिकल व्हीकल टेक्नोलॉजी जैसे नवीनतम पाठ्यक्रमों को जोड़ा गया। समारोह को संबोधित करते हुए डा केके नाग ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक योग्यता देने के अलावा चरित्र निर्माण भी वहा किया जा रहा है। डा तनवीर अहमद ने विश्वविद्यालय में शिक्षण और कौशल निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। मोनिका श्रीवास्तव ने विवि को कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने के लिए बधाई दी। प्रोफेसर अरविंद कुमार, रजिस्ट्रार ने कहा कि छात्र कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट आईयूझारखंड डॉट एडु डॉट इन पर भी शुल्क का भुगतान कर किया जा सकता है।

राष्ट्रीय सागर | रांची | शनिवार, 13 मार्च 2021 | 12 | web: rashtriyasagarprime.com

## इकफाई विवि में प्रवेश के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**रांची :** आज इकफाई विश्वविद्यालय, झारखंड में 2021-22 शैक्षणिक वर्ष के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के एक समारोह में नामांकन प्रोस्पेक्टस जारी किया गया। इस समारोह के अतिथियों में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ। के के नाग, डॉ। तनवीर अहमद, प्राचार्य, एम.एम.के. हाई स्कूल, बरियातु, सुश्री मोनिका श्रीवास्तव, प्रिंसिपल, सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल, डोरंडा और श्री विपुल सिंह, प्रिंसिपल रेनबो पब्लिक स्कूल, चास, बोकारो से शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने श्रोताओं का स्वागत करते हुए कहा, हमने पहले के कार्यक्रमों को जारी रखने के अलावा, हम एनईपी-2020 की सिफारिश के अनुरूप, लिबरल आर्ट्स, बीए (ऑनर्स-इंग्लिश) में एक नया कार्यक्रम शुरू करेंगे। डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बहुत सारे रोजगार के अवसर को देखते हुए विश्वविद्यालय 2021 से डेटा साइंस और एआई में बीटेक की कार्यक्रम को चालू करेगा। प्रो राव ने कहा की हमारे कार्यक्रमों के कार्यक्रम संरचनाओं और पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई और हमारे छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए संबंधित कार्यक्रमों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ बिजनेस, डिजिटल स्किल्स, इलेक्ट्रिकल व्हीकल टेक्नोलॉजी आदि जैसे नवीनतम पाठ्यक्रमों को जोड़ा गया। कोविड -19 स्थिति में सरकार के फोकस के अनुरूप, हेल्थ केयर मैनेजमेंट और एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट को एमबीए में ऐच्छिक पाठ्यक्रम के रूप में पेश किया जाएगा। इस मौके पर प्रबंधन में प्रमुख पीएचडी कार्यक्रम (पार्ट टाइम) के बारे में जानकारी देते हुए, डॉ। भगत बारिक, असिस्ट डीन ने कहा, हमारा पीएचडी कार्यक्रम 2016 और 2018 के यूजीसी विनियमों के साथ पूरी तरह से अनुपालन है, तथा इस कार्यक्रम में नामांकन लेने के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2021 है और ऑनलाइन शोध योग्यता टेस्ट 8 मई 2021 को आयोजित किया जाएगा। समारोह को संबोधित करते हुए, डॉ। केके नाग विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और कहा की छात्रों को व्यावसायिक योग्यता देने के अलावा चरित्र निर्माण भी वहा किया जा रहा है। डॉ। तनवीर अहमद ने विश्वविद्यालय में शिक्षण और कौशल निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। सुश्री मोनिका श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय को कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने के लिए बधाई दी ताकि छात्रों को योग्यता और कैरियर की आकांक्षा के अनुसार कार्यक्रम का चयन कर सकें। श्री विपुल सिंह इस बात से खुश थे कि विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित संगठनों में काम करने का मौका मिला है। समारोह को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर अरविंद कुमार, रजिस्ट्रार ने कहा कि छात्र कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.iujharkhand.edu.in पर जाकर शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। श्री सुमित कुमार राठौड़, प्रबंधक, आईसीएफएआई समूह सूचना विभाग, झारखंड ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## इक्फाइ विवि. सत्र 2021-22 का प्रॉस्पेक्टस जारी



**रांची.** इक्फाइ विवि में सत्र 2021-2022 के कोर्स में नामांकन के लिए प्रोस्पेक्टस जारी कर दिया गया है. विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव, रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ केके नाग, एमएमके हाइ स्कूल के निदेशक डॉ तनवीर अहमद, सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल की प्राचार्या मोनिका श्रीवास्तव व रेनबो पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य विपुल सिंह ने इसे संयुक्त रूप से जारी किया. कुलपति प्रो राव ने बताया कि विवि में एनइपी 2020 की सिफारिश के अनुसार लिबरल आर्ट्स, बीए अंग्रेजी ऑनर्स में एक नया कोर्स शुरू किया जा रहा है. डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में रोजगार के अवसर को देखते हुए 2021 से डेटा साइंस और एआइ में बीटेक कोर्स शुरू किये जा रहे हैं. सभी कोर्स में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ बिजनस, डिजिटल स्किल्स, इलेक्ट्रिकल व्हीकल टेक्नोलॉजी आदि जैसे नये कोर्स जोड़े गये हैं. कोविड 19 को देखते हुए हेल्थ केयर मैनेजमेंट और एग्री बिजनस मैनेजमेंट को एमबीए में एच्छिक कोर्स के रूप में पेश किया जायेगा. डॉ भगत बारिक ने बताया कि पीएचडी कार्यक्रम 2016 और 2018 के यूजीसी नियमानुसार लागू किया जा रहा है. इसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल है और ऑनलाइन योग्यता टेस्ट आठ मई निर्धारित है. रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार ने कोर्स नामांकन के लिए विवि के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. धन्यवाद ज्ञापन सुमित कुमार राठौर ने किया.

प्रभात खबर Sat, 13 March 2021
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/5

दैनिक भास्कर
रांची, शनिवार, 13 मार्च, 2021

## इक्फाई यूनिवर्सिटी में नए सत्र के प्रवेश के लिए नियमावली जारी

रांची | इक्फाई विश्वविद्यालय में 2021-22 शैक्षणिक वर्ष के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए नामांकन की नियमावली जारी की गई। समारोह में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. केके नाग, डॉ. तनवीर अहमद, एमएमके हाई स्कूल बरियातू की प्राचार्य मोनिका श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे। विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि अपने पहले के कार्यक्रमों को जारी रखने के अलावा एनईपी-2020 की सिफारिश के अनुरूप लिबरल आर्ट्स, बीए (ऑनर्स-इंग्लिश) में नया कार्यक्रम शुरू करेंगे। डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में रोजगार के अवसर को देखते हुए विश्वविद्यालय 2021 से डेटा साइंस और एआई में बीटेक की कार्यक्रम को चालू करेगा।